भारत कोकिंग कोल लिमिटेड
(एक मिनीरत्न कम्पनी)
(कोल इण्डिया लिमिटेड का एक अंग)
कर्मचारी स्थापना विभाग
पंजी. कार्यालय:कोयला भवन, कोयला नगर, धनबाद -826005
सीआईएन : U10101JH1972GOI000918
वेबसाईट: www.bcclweb.in
ईमेल : hodnee.bccl@coalindia.in

BHARAT COKING COAL LIMITED
*(A Mini Ratna Company)*
(A Subsidiary of Coal India Limited)
NEE DEPARTMENT
Redg. Off.: KoylaBhawan, Koyla Nagar,
Dhanbad - 826005
CIN: U10101JH1972GOI000918
Website: www.bcclweb.in
email : hodnee.bccl@coalindia.in

संदर्भ सं. बीसीसीएल/पीए-V/विभागीय चयन/लिपिक/2024/ 10193 दिनांक : 12.08.2024

## आंतरिक अधिसूचना

भारत कोकिंग कोल लिमिटेड के विभागीय कर्मचारियों से विभिन्न पदों पर उचित माध्यम से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। उल्लिखित विभिन्न पदों पर चयन के लिए आवश्यक न्यूनतम योग्यता, अनुभव और पात्रता निम्नलिखित है :

**पद और न्यूनतम योग्यता व अनुभव**

| क्रम सं. | पद व ग्रेड | न्यूनतम योग्यता व अनुभव |
|---|---|---|
| 1. | सामान्य लिपिक, लिपिकीय ग्रेड-III | 1. किसी भी मान्यता प्राप्त परीक्षा बोर्ड से मैट्रिक या समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण<br>2. कंपनी में 3 वर्षों की सेवा |
| 2. | स्टोर इश्यू क्लर्क, लिपिकीय ग्रेड-III | 1. किसी भी मान्यता प्राप्त परीक्षा बोर्ड से मैट्रिक या समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण<br>2. कंपनी में 3 वर्षों की सेवा |
| 3. | सहायक लोडिंग क्लर्क, लिपिकीय ग्रेड-III | 1. किसी भी मान्यता प्राप्त परीक्षा बोर्ड से मैट्रिक या समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण<br>2. कंपनी का कोई भी स्थायी कर्मचारी |
| 4. | ट्रिपमैन / डंपमैन लिपिकीय ग्रेड-III | 1. मैट्रिक या समकक्ष<br>2. कंपनी में 3 वर्षों की सेवा |

## नियम एवं शर्तें

1. अभ्यर्थी के आवेदन की स्वीकार्यता निम्नलिखित शर्तों के अधीन होगी:-
   क) केवल वे स्थायी कर्मचारी आवेदन कर सकते हैं, जो दिनांक 30.09.2023 को इस पद के लिए उल्लिखित न्यूनतम निर्धारित योग्यता को पूरा करते हैं।

   खद्ध )निम्नलिखित पदों से संबंधित कर्मचारी उपर्युक्त पदों के लिए आवेदन करने के लिए पात्र नहीं होंगे:

   i. कंपनी में आईटीआई प्रमाणपत्र, डिप्लोमा प्रमाण पत्र और अन्य तकनीकी प्रमाण पत्र के आधार पर नियुक्त कर्मचारी।
   ii. आवश्यक श्रेणियों के तहत कर्मचारी जैसे डोजर ऑपरेटर, डम्पर ऑपरेटर, शावेल ऑपरेटर, पे लोडर ऑपरेटर, ग्रेडर ऑपरेटर, ड्रिलर ऑपरेटर, ड्रैगलाइन ऑपरेटर और अन्य एचईएमएम ऑपरेटर।
   iii. ई एंड एम और उत्खनन संवर्ग के पर्यवेक्षक, इलेक्ट्रीशियन, ईपी इलेक्ट्रीशियन ।
   iv. खनन सुपरवाइजरी कार्मिक, सर्वेक्षण कार्मिक और अन्य सांविधिक कार्मिक।
   v. मेडिकल और पैरामेडिकल स्टाफ जैसे स्टाफ नर्स, लैब तकनीशियन, एक्स-रे तकनीशियन, फार्मासिस्ट, ईसीजी तकनीशियन, टेक. ऑडियोमेट्री, टेक. रिफ्रैक्शन / ऑप्टोमेट्री, टेक. डेंटल, टेक आहार विशेषज्ञ, फिजियोथेरेपिस्ट, ड्रेसर आदि।
   vi. पहले से ही अनुसचिवीय कैडर, लेखा कैडर, सिविल इंजीनियरिंग और ड्राइवर कर्मचारी।
   vii. सुरक्षा में तैनात प्रशिक्षुओं सहित सुरक्षा कार्मिक।

   ग) एक उम्मीदवार केवल एक पद के लिए आवेदन करेगा। यदि वह एक से अधिक पदों के लिए आवेदन करता है, तो उसके द्वारा प्रस्तुत केवल पहला आवेदन स्वीकार किया जाएगा।

   घ) उम्मीदवार के पास वर्ष 2021-22, 2022-23, 2023-24 के लिए न्यूनतम 'GOOD' सी आर रेटिंग होनी चाहिए और उम्मीदवार की सतर्कता/विभागीय मंजूरी "स्पष्ट" होनी चाहिए।

2. उम्मीदवारों का चयन अंतिम चयन के समय लागू अनुमोदित श्रमशक्ति बजट के अधीन होगा।

3. लिखित परीक्षा में एक अंक के 100 बहुविकल्पीय प्रश्न (एमसीक्यू) (कुल 100 अंक) होंगे जिसमें मात्रात्मक योग्यता, सामान्य जागरूकता और कंपनी और उसके नियमों और विनियमों के बारे में जानकारी पर 80 प्रश्न होंगे और 20 प्रश्न कंप्यूटर के ज्ञान पर होंगे।

4. लिखित परीक्षा या तो ऑनलाइन या ऑफलाइन मोड के माध्यम से आयोजित की जाएगी, जिसे बीसीसीएल वेबसाइट के माध्यम से परीक्षा से पहले उम्मीदवारों को सूचित किया जाएगा। उम्मीदवारों को नियमित रूप से कंपनी की वेबसाइट देखने की सलाह दी जाती है।

5. गलत उत्तरों के लिए कोई नकारात्मक अंकन नहीं होगा।

6. सामान्य वर्ग के उम्मीदवारों के लिए उत्तीर्ण अंक 100 में से 40 होंगे और अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और दिव्यांग वर्ग के उम्मीदवारों के लिए उत्तीर्ण अंक 100 में से 35 होंगे।

7. कर्मचारियों की जानकारी के लिए योग्य और गैर-योग्य उम्मीदवारों की सूची योग्यता नहीं होने के कारणों के साथ कंपनी की वेबसाइट पर प्रकाशित की जाएगी।

8. अयोग्य घोषित किए गए कर्मचारियों को 10 (दस) दिनों के भीतर संबंधित क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक को लिखित में अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान किया जाएगा।

9. सभी पात्र उम्मीदवारों की अंतिम अद्यतन सूची बीसीसीएल वेबसाइट पर अधिसूचित की जाएगी।

10. योग्य उम्मीदवारों को प्रबंधन द्वारा तय की जाने वाली तिथि और स्थान पर लिखित परीक्षा के लिए बुलाया जाएगा।

11. लिखित परीक्षा की भाषा द्विभाषी (हिन्दी और अंग्रेजी) होगी।

12. यदि उम्मीदवार लिखित परीक्षा की तिथि पर उपस्थित होने में विफल रहता है, तो उसे आगे कोई मौका नहीं दिया जाएगा।

13. उम्मीदवारों को सूचना देने के लिए मेरिट सूची बीसीसीएल वेबसाइट पर प्रकाशित की जाएगी।

14. लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर एक पैनल तैयार किया जाएगा:

क) यदि परीक्षा में दो या दो से अधिक अभ्यर्थियों को समान अंक प्राप्त होते हैं, तो उनकी वरिष्ठता का निर्धारण उनकी नियुक्ति-तिथि के आधार पर किया जाएगा।

ख) यदि नियुक्ति-तिथि पर विचार करने के बाद भी यह बराबरी बनी रहती है तो उनकी जन्मतिथि के आधार पर अंतिम वरिष्ठता का निर्धारण किया जाएगा और आयु में वरिष्ठ अभ्यर्थी को पैनल में ऊपर रखा जाएगा।

ग) यदि फिर भी बराबरी बनी रहती है, तो वरिष्ठता उनके नामों के पहले वर्ण के आरोही क्रम (अंग्रेजी वर्णमाला के अनुसार) में निर्धारित की जाएगी। अंतिम चयन रिक्ति की स्थिति, मानदंडों, कैडर योजना, सतर्कता निकासी आदि के अनुसार पैनल से तैयार किया जाएगा और कंपनी की वेबसाइट पर अधिसूचित किया जाएगा।

15. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे अपना वास्तविक शैक्षिक प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें। उम्मीदवारों के शैक्षिक प्रमाण पत्र सत्यापन के लिए संबंधित प्राधिकरणों को भेजे जाएंगे। यदि रिपोर्ट में कोई अनियमितता पाई जाती है, तो कंपनी के प्रमाणित स्थायी आदेश के अनुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

16. जिन उम्मीदवारों ने कंपनी की सेवा में आने के बाद अपेक्षित योग्यता हासिल की है, उन्हें उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रबंधन द्वारा जारी एनओसी की प्रति जमा करनी होगी।

17. अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और दिव्यांग वर्ग के उम्मीदवारों के लिए आरक्षण कोटा का पालन सरकार के मानदंडों / दिशानिर्देशों के अनुसार किया जाएगा।

18. यदि उम्मीदवार अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और दिव्यांग प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने में विफल रहते हैं, तो उन्हें सामान्य उम्मीदवारों के रूप में माना जाएगा।

19. उम्मीदवार यह ध्यान दें कि यदि वह चयन प्रक्रिया अथवा उसके बाद, किसी भी स्तर पर किसी भी कदाचार में लिप्त पाया जाता है तो उसकी उम्मीदवारी सरसरी तौर पर खारिज कर दी जाएगी और प्रमाणित स्थायी आदेशों के अनुसार उसके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू की जाएगी।

20. निदेशक (कार्मिक), बीसीसीएल के पास बिना कोई कारण बताए अपने विवेकानुसार इस चयन प्रक्रिया या इस अधिसूचना के किसी भी प्रावधान को संशोधित/परिवर्तित/प्रतिबंधित/रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है और उनका निर्णय अंतिम होगा।

21. चयनित अभ्यर्थियों को बीसीसीएल के किसी भी क्षेत्र/इकाई/मुख्यालय में पदस्थपित किया जा सकता है।

22. अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा में शामिल होने के लिए कंपनी द्वारा जारी किया गया अपना फोटोयुक्त कर्मचारी पहचान-पत्र लाना आवश्यक है।

23. किसी भी संशय की स्थिति में, आंतरिक अधिसूचना का अंग्रेजी संस्करण ही अंतिम एवं मान्य होगा।

**आवेदन कैसे करें / How to Apply:**

1. योग्य उम्मीदवारों को पद पर चयन के लिए इस अधिसूचना के साथ संलग्न निर्धारित प्रारूप में आवेदन करने की सलाह दी जाती है.

2. उम्मीदवारों को यह सलाह दी जाती है कि वे इस अधिसूचना के नियम एवं शर्तों को ध्यानपूर्वक पढ़ें और निर्धारित योग्यता, जाति तथा अन्य मानदंडों आदि के अनुसार अपनी पात्रता का आकलन करें।

**3. कृपया नीचे उल्लिखित सभी प्रासंगिक दस्तावेजों की स्व-सत्यापित प्रतियां संलग्न करें:**

a) किसी मान्यता प्राप्त परीक्षा बोर्ड से मैट्रिक या समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण करने का प्रमाण पत्र  और अन्य शैक्षिक व तकनीकी प्रमाण पत्र।
b) उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रबंधन द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र, यदि लागू हो ।
c) अनु.जा./अनु.ज.जा. के मामले में, सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी वैध जाति प्रमाण पत्र (यदि लागू हो) ।
d) सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी दिव्यांग प्रमाण पत्र (यदि लागू हो)।

4. अधूरे आवेदनों अथवा निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों या अभ्यर्थी के हस्ताक्षर के बिना/प्रासंगिक दस्तावेजों के बिना/उचित माध्यम से प्राप्त नहीं होने वाले आवेदनों को अस्वीकार कर दिया जाएगा।

<u>महत्वपूर्ण तारीखें</u>

| | |
|---|---|
| इकाई/क्षेत्र/मुख्यालय में आवेदन जमा होने की प्रारंभिक तिथि | 14.08.2024 |
| इकाई/क्षेत्र/मुख्यालय में आवेदन जमा होने की अंतिम तिथि | 03.09.2024 up to 5 pm. |
| क्षेत्रीय प्राधिकारियों द्वारा प्राप्त आवेदनों का सत्यापन/संवीक्षा करने के बाद उनका विवरण कर्मचारी स्थापना विभाग, बी सी सी एल मुख्यालय को जमा करने की अंतिम तिथि | 16.09.2024 up to 5 pm. |
| लिखित परीक्षा की तारीख | बीसीसीएल वेबसाइट पर अधिसूचित किया जाएगा/ |

12/08/2024

प्रति (ई-मेल के माध्यम से)

उपमहाप्रबंधक(कार्मिक/कर्मचारीस्थापना)

मेधा

1. सभी क्षेत्रीय महाप्रबंधक, बीसीसीएल
2. सभी महाप्रबंधक/विभागाध्यक्ष, बीसीसीएल मुख्यालय
3. महाप्रबंधक (प्रणाली)- इस अधिसूचना को बीसीसीएल की वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
4. महाप्रबंधक, वाशरी प्रभाग।
5. सीएमओ (प्रभारी), सीएचडी, कोयला नगर चिकित्सालय (केएनएच), क्षेत्रीय चिकित्सालय भूली (आरएचबी)।
6. सभी क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक, बी सी सी एल / व्यापक परिचालन के लिए /
7. प्रबंधक (कार्मिक)/कर्मचारी स्थापना।
8. प्रभारी सिनिडीह कर्मशाला, सीडब्ल्यूईबी, एकरा सेंट्रल स्टोर, गोलकडीह कर्मशाला, भूली नगर प्रशासन।
9. सूचना पट्ट- मुख्यालय/संबंधित फाइल।